2019

ELECTIVE HINDI

Paper : 6.2

(Prayojanmulak Hindi)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी का तात्पर्य क्या है?

(ख) 'मीडिया' किसे कहा जाता है?

(ग) 'राजभाषा' से आप क्या समझते हैं?

(घ) मीडिया के मूलतः कितने प्रकार हैं?

(ङ) 'इंटरनेट' का मतलब क्या है?

(च) 'रेडिओ' को मीडिया के अंतर्गत क्यों रखा गया है?

(छ) कार्यालयीन हिन्दी की परिधि क्या है?

(ज) 'पत्राचार' से आप क्या समझते हैं?

(झ) 'पर्यायवाची' शब्द को परिभाषित कीजिए।

(ञ) 'मुहावरा' किसे कहा जाता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) मीडिया में सीधा प्रसारण किसे कहा जाता है?

(ख) निम्नलिखित शब्दों के एक-एक विलोम शब्द दीजिए :

अस्ति ; सृष्टि ; भोग ; मलिनता।

(ग) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के प्रयोग से दो वाक्य बनाइए :

गले लगाना ; आग-बबूला होना ; नानी मरना।

(घ) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं चार के हिन्दी पर्यायवाची शब्द दीजिए :

Ad hoc ; Cash ; Case ; Godown ; Transport ; Groundwork.

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो को शुद्ध कीजिए :

(i) मैंने तुम्हें बोला था।

(ii) यहाँ पर तो कोई नहीं है।

(iii) पापाजी, आप यह काम मत करो।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) एक कार्यालयी पत्र की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

(ख) मीडिया के सम्पादक के कर्तव्यों को रेखांकित कीजिए।

(ग) संवाददाता को समाचार-लेखन में किन बातों पर ध्यान देना अपेक्षित है?

(घ) व्यावसायिक और व्यावहारिक पत्रों के अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) लोकोक्ति के स्वरूपों को रेखांकित कीजिए।

(च) जनसंचार माध्यम में फिल्म की क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए।

4. प्रयोजनमूलक हिन्दी के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

प्रयोजनमूलक हिन्दी के वर्तमान की दिशा एवं दशा पर प्रकाश डालिए।

5. जनसंचार के प्रमुख माध्यमों का परिचय दीजिए। 10

अथवा

हिन्दी पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 10

(क) अपना प्रिय साहित्यकार

(ख) वन-संरक्षण का महत्त्व

(ग) राजनीति और विद्यार्थी

(घ) असम की लोक-संस्कृति

7. उपयुक्त शीर्षक सहित निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए : 10

विज्ञान ने अंधों को आँखें दी हैं और बहरों को सुनने की शक्ति। उसने जीवन को दीर्घ बना दिया है, भय को कम कर दिया है। उसने पागलपन को वश में कर लिया है और रोग को रौंद डाला है। विज्ञान की सहायता से चिकित्सा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण वरदान प्राप्त हुए हैं। उन्नत दवाइयों और मशीनों की सहायता से अब

महामारियों पर काबू पा लिया गया है। असाध्य रोगों के इलाज ढूँढ़ लिए गए हैं। कई बीमारियों को समूल नष्ट कर दिया गया है। लूले-लंगड़ों को नए अंग तक लगाने का प्रबंध किया गया है। आँखें, फेफड़े तथा खून तक बदलने की व्यवस्था हो गई है। अकाल मृत्यु-दर कम कर ली गई है। आयु दीर्घ और जीवन स्वस्थ बना लिया गया है।

सुविधाओं के वरदानों की कहानी अनंत है। रसोई-घर से लेकर मुर्दाघर तक सब जगह विज्ञान ने वरदान ही वरदान बाँटे हैं। इसके बल पर पूरी दुनिया एक परिवार बन गई है। जब चाहे, तब मनुष्य अपने प्रियजनों से बात कर सकता है, देख सकता है। घण्टे-भर में दुनिया का चक्कर लगा सकता है। सेकेण्डों में दुनिया-भर को कोई संदेश दिया जा सकता है। इसने समय और श्रम को बचाकर मनुष्य का जीवन सुखमय बना दिया है।

विज्ञान ने टीवी, रेडियो, वीडिओ, ऑडिओ, चलचित्र आदि के द्वारा मनुष्य के नीरस जीवन को सरस बना दिया है। इसने नए-नए उपकरणों, भवनों, यंत्रों का निर्माण करके जीवन को सुगम बना दिया है। सौ-सौ व्यक्तियों का काम अकेला एक यंत्र कर लेता है। कृषि, खनन जैसे कठिन काम अब यंत्रों से होने लगे हैं। इससे उत्पादनों की मात्रा बढ़ती गई और दुनिया का बाजार आज उनसे भरा पड़ा है।

अथवा

निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का अनुवाद हिन्दी में कीजिए : 10

The city of Gauhati is situated in the southern bank of the river Brahmaputra. It is surrounded by hills almost on all sides. There are several tourist spots in Gauhati.

The Kamakhya Temple, situated at the Nilachal Hill, is a major attraction for the tourists. Gauhati is considered as the gateway to the North-East India. There are lots of educational institutions in Gauhati. People from surrounding areas use to come to Gauhati daily for various purposes. Advanced medical facilities are available here now-a-days. The importance of this city is growing day by day.

★★★